वन विभाग की कार्यवाही से दुखी नंदिनी ने जहरीला पदार्थ खाया

कोटा, (निसं)। वन विभाग के नयागांव में 60 से 70 भील परिवारों की बस्ती को उजाड़ने व लोगों से मारपीट करने की कार्यवाही से दुखी व बेघर होने के बाद 18 वर्षीय नंदिनी के जहरीला पदार्थ खाने के बाद अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पर कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे व घटना की जानकारी ली।

इस दौरान गुंजल ने कहा कि इस सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी को लोगों पर जुल्म करने के लिए खुला छोड़ दिया जाओ लूटो, खसोटो, मारो, एक दलित परिवार की बच्ची इस प्रशासनिक मशीनरी वन विभाग की, पुलिस की प्रताड़ना से पीड़ित होकर जहर खाने को मजबूर हो जाए तो मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। दलित परिवारों के मकान तोड़े, समान फेंके और घसीट घसीट कर मारे और कोई सुनने वाला नहीं कोई बोलने वाला नहीं सरकार बेखबर है। गुंजल ने कहा कि वन विभाग ने लूट-खसोट को धंधा बना रखा है वन विभाग के लोगों को पैसा दो और कब्जा करो अब यह गरीब परिवार इन्हें कहां से पैसा दे तो उन्हें उजाड़ रहे हैं। यह गरीबों के साथ जुल्म है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अगर इस बच्ची के साथ कोई अनहोनी हो गई तो सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। इस दौरान शहर अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, उपमहापौर पवन मीणा, पार्षद धनराज चेची सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

युवक ने ट्रेन में उत्पात मचाया

कोटा, (निसं)। श्रीगंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक फायर एक्सटिंग्विशर से तोड़फोड़ करता नजर आ रहा है। उसने ट्रेन के एसी कोच के शीशे तोड़ दिए हैं। यह घटना थर्ड एसी के बी-2 और बी-3 कोच के बीच हुई है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि मौके पर यात्रियों व टीटीई ने उसे पकड़ लिया है। इस मामले में आरपीरफ सवाई माधोपुर आईपीएफ का कहना है कि घटना सवाई माधोपुर के बाद हुई है। यह घटना नॉर्थ वेस्ट रेलवे के जयपुर डिविजन के अधीन हुई है। इस पर कार्रवाई भी जयपुर के दुर्गापुरा पोस्ट के अधीन आने वाली निवाई चौकी आरपीएफ कर रही है। दुर्गापुरा जयपुर के सब इंस्पेक्टर देवराज कसाना का कहना है कि घटना भी 28 सितंबर की देर रात को हुई है। इस मामले में एक युवक के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज किया गया।

एम.आई.एम.टी. में विद्यार्थियों की 'फ्यूजन फेस्ट-2024' का आयोजन

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियो की सांस्कृतिक उत्सव पार्टी फ्यूजन फेस्ट 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार टेलर, पुलिस उपाधीक्षक कोटा, मोदी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमेन सुशील मोदी और ग्रुप के निदेशक राघव मोदी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों के द्वारा मां शारदा की वंदना के साथ किया गया।

इस अवसर पर राजेश कुमार टेलर ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच आकर संवाद करने की बहुत इच्छा रहती है आज मे आपसे रूबरू होने का अवसर मिला है। मेरा सभी विधार्थियों को संदेश है कि अपनी प्रतिभा को जाने एवं लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए मेहनत करे मंजिल आपको निश्चित रूप से मिलेगी। हमारे जीवन में कई प्रकार की समस्या आती है, उसका कारण यह है कि हमारी महत्वाकांशाये बढ जाती हैं। हम जीवन में विशेष रूप से तीन चरण से गुजरते हैं उसमे शिक्षा एक महत्वपूर्ण चरण है जिससे भविष्य ओर जीवन का निर्धारण होता हैं। आपको कोई चीज़ अच्छी लगती है तो वह दुनिया में सबसे अच्छी लगती हैं। आपको कोई चीज़ खराब लगती है तो वह दुनिया में सबसे खराब लगती है। क्योंकि आपके पास अनुभव की कमी होती हैं। इस धरती पर दो रिश्ते बिना स्वार्थ के होते हैं। पहला माँ और दूसरा शिक्षक हैं। शिक्षक का आपसे कोई स्वार्थ नहीं होता हैं। वह आपके सपनों को साकार करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हैं। आप भविष्य में अपनी प्रतिभा को और निखारें एवं अपनी मंजिल को प्राप्त करे एवं माता-पिता, गुरुजनों और समाज का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर मोदी एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक राघव मोदी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस सांस्कृतिक आयोजन में सभी संकाय के विद्यार्थीयो ने अपनी प्रतिभा को मनमोहक नृत्य, सामूहिक नाट्य के द्वारा प्रस्तुत किया। एम.आई.एम.टी. के निदेशक डॉ.एन के जोशी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमे हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं से जोड़ते हैं।

कोटा के मोदी कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज

झालावाड़ (निसं)। शिक्षा विभाग प्रारंभिक राजस्थान द्वारा आयोजित 68वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्र वर्ग का समापन समारोह दो अक्टूबर को विजयाराजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल झालावाड़ में प्रातः नौ बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक हंसराज मीणा ने दी।

कोटा में कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ैशन टेक्नोलोजी संस्थान द्वारा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम ''खादी वस्त्रम्-2024'' का आयोजन किशोर सागर तलाव की पाल पर स्थित ग्रामीण हाट में किया गया। जिसके अंतर्गत संस्था के विद्यार्थियों द्वारा खादी फ़ैब्रिक से इंडो-वेस्टर्न कलेक्शन तैयार किया गया। जिसका मुख्य आकर्षण कुर्ती एवं टॉप पर स्क्रीन प्रिंटिंग और फ़ैब्रिक पेंटिंग से तैयार पैटर्न थे। कलेक्शन में गांधीजी के छाया चित्र, चरखा एवं है राम! से प्रिंट तैयार किया गए और साथ ही खादी से अलग अलग प्रकार के छोटे बैग भी तैयार किये। यह कलेक्शन ईशिता मित्तल, मोहम्मद रेहान, नूर उल्स कमर, मनीषा धाकड़, नुरीन अंसारी, भावना शकयावर एवं रोशनी ने तैयार किया जिसे संस्था के मॉडेल्स ने वॉक कर प्रस्तुत किया स संस्था की निदेशन पुजा राजवंशी ने बताया कि संस्था द्वारा प्रति वर्ष खादी वस्त्रम् का आयोजन खादी के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से किया जाता है और खास तौर पर युवा पीढ़ी डिज़ाइनर को खादी के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करना होता है।

डॉ. अनुकृति शर्मा लाओस रवाना

कोटा, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय में कौशल एवं विकास केंद्र की निदेशक तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुकृति शर्मा कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए लाओस के लिए रवाना हुई। डॉ.अनुकृति शर्मा ने बताया कि लाओस में एशियाई प्रोडक्टिविटी आर्गेनाइजेशन (एपीओ) की ओर से प्रायोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 2 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें डॉ. अनुकृति रूरल डेवलपमेंट एवं पर्यटन के विषय पर चर्चा होगी। इस दौरान डॉ. शर्मा ने इंटरनेशनल सर्विस के डायरेक्टर डॉ. केडी भारद्वाज और जनरल सेक्रेटरी डॉ. इंदिरा का आभार प्रकट किया है। डॉ. अनुकृति ने बताया कि एशियाई प्रोडक्टिविटी कौंसिल, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन है। एपीओ इंटर गवर्नमेंटल बॉडी है। जिसकी भारत सरकार संस्थापक सदस्य है।

डोटासरा के जन्मदिन पर गौ सेवा कार्य किया

कोटा, (निसं)। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिवस को गौ सेवा कर सादगी से मनाया।

प्रहलाद गुंजल किशोरपुरा गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुंजल ने कहा कि राजस्थान में पहली बार किसी बड़े नेता का जन्मदिन इस रूप में मनाया जा रहा है। जब उन्होंने स्वयं ने कहा कि कार्यकर्ता बंधुओ कोई उत्सव नहीं, कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं, गायों को चार, रक्त का दान भी बाद में पहले राजस्थान किस हाल में जी रहा है, कानून व्यवस्था की स्थिति क्या है, महिला अत्याचार किस कदर बढ़ते जा रहे हैं, अतिवृष्टि से पीड़ित किसान न्याय और इंसाफ की बाट जो रहा है। राजस्थान में इन भयावह हालातों पर कांग्रेस पार्टी का जिला संगठन पूरे राजस्थान में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर राज्य सरकार की नींद तोड़ो और जनता के बीच में जनता की तकलीफ रखो, सरकार को आगाह करके सावधान करों। सरकार की नींद टूटे इसलिए पूरे राजस्थान में राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिए जाएं। हम भी जिला कलेक्टर को राज्यपाल व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि किसी राजनेता का अपने जन्मदिन के अवसर को आमजन की तकलीफ के लिए समर्पित कर देना और कार्यकर्ताओं को उसके साथ जोड़ देना मैं समझता हूं कि आजादी के बाद पहला और अनूठा उदाहरण है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, कोटा उत्तर महापौर मंजू मेहरा, उप महापौर पवन मीणा, सोनू कुरैशी, कांग्रेस नेता नईमुद्दीन गुड्डू, क्रांति तिवारी, अनूप ठाकुर, पार्षद धनराज चेची, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निलोफर को पीएचडी की उपाधि

कोटा, (निसं)। कोटा की प्रसिद्ध बेकरी निलू केक्स एंड बेक्स की संस्थापक, निलोफर को 28 सितंबर 2024 को दिल्ली के होटल लीला एम्बियंस में आयोजित एक समारोह में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि उन्हें मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा कला के क्षेत्र में दी गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार दीपक वोहरा मुख्य अतिथि थे। भारतीय व्यवसायी अशनीर ग्रोवर, जो भारत-पे के सह-संस्थापक और 'शार्क टैंक इंडिया' शो के निवेशक रहे हैं, भी समारोह में उपस्थित थे।

नीलू न केवल अपने व्यवसाय के जरिए सफलता की मिसाल पेश कर रही हैं, बल्कि महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बन गई हैं।

अपने परिवार और समाज की चुनौतियों का सामना करते हुए, उन्होंने यह साबित किया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कोई भी महिला अपने सपनों को साकार कर सकती है। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक के रूप में, निलोफर उन महिलाओं के लिए आदर्श हैं जो अपनी खुद की पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं।

नीलोफर को इससे पूर्व भी कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है एवं कई मंचों पर उनका सम्मान हो चुका है। अपने कार्य में दक्षता हासिल करने के साथ ही वह कोटा सहित प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

'आग्रह आंदोलन' आज से शुरू

छबड़ा (निसं)। वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत कार्यकाल पूरा होने वाली पंचायतों में प्रशासक लगाने की चर्चाओं का सरपंच संघ ने विरोध जताया है। मंगलवार को सरपंच संघ अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में सरपंचो ने एसडीएम को ज्ञापन देकर लंबित समस्याओ के समाधान की मांग की और महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आग्रह आंदोलन षुरू किए जाने की बात कहीं। सरपंच संघ अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि सरकार वन स्टेट वन इलेक्शन के लिए किसी भी सरपंच का कार्यकाल कम नहीं करे। जिन सरपंचों का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है, उन पंचायतों में प्रशासक नहीं लगाकर मध्य प्रदेश मॉडल को अपनाया जाये।

सरकार के 10 माह पूरे होने पर कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपा

कोटा शहर कांग्रेस के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

कोटा, (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने बताया की राजस्थान प्रदेश में भाजपा की सरकार के लगभग 10 माह के शासन की विफलताओं के कारण उत्पन्न जन-समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश सरकार को जनकल्याणकारी निर्णय लेने हेतु निर्देशित करने बाबत् प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार आज कांग्रेस के प्रतिनिधी मण्डल ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में मुख्यरूप से कोटा बून्दी लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम, लाड़पुरा प्रधान नईमुद्दिन गुडडू, कोटा उत्तर महापौर मंजू मेहरा, उपमहापौर सोनू कुरैशी, उपमहापौर पवन मीणा आदी कांग्रेसजन मौजुद रहे। त्यागी ने कहा की राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लगभग 10 माह के शासन में सरकार की अकर्मण्यता के कारण आमजन त्रस्त है तथा चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में प्रदेश सरकार पूर्णयता विफल रही है। प्रदेश सरकार की विफलता के कारण उत्पन्न जन समस्याओं के निराकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा जनहितकारी निर्णय लिये जावें अन्यथा सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूर होकर सड़क पर उतरना पड़ेगा। कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने ज्ञापन के द्वारा 10 प्रमुख मांगें रखी जिसमें प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण फसल खराबें का उचित मुआवजा किसानों को शीघ्र दिया जावें। प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, महिला एवं नाबालिग बच्चियों के साथ बलात्कार की बढ़ती घटनायें, माफिया राज (खनन माफिया, बजरी माफिया, भू-माफिया) को रोकने हेतु तुरन्त ठोस कार्यवाही की जावें। बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम से भ्रमित करना बंद करें। कांग्रेस सरकार के समय निकाली गई भर्तियों को अपना बताकर झूठी वाहावाही लूटना बंद करें तथा नई नौकरियों की विज्ञप्ति निकालकर नौकरी दी जावें। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, इंदिरा रसोई (अन्नपूर्णा रसोई) आदि को चालू रख बजट देकर और प्रभावी बनाया जावें जैसी मांगे शामिल हैं।

खोया-पाया

मकान नंबर 1 च 3 दादाबाड़ी कोटा का असल कब्जा पत्र एवं असल इन्वेंट्री डिक्लेरेशन कही गुम हो गए है, मिलने पर सूचित करें। वीरेन्द्र कुमार मालू पुत्र स्व. रतन चंद्र मालू, मो. 9414252256

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मनीष कुमार पुत्र चन्दालाल प्रजापति निवासी मकान नं.-2/526 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा ने इसी अर्धनिर्मित को श्री एस.वी. नागर से स्वयं ने अपने पिता की सहायता से राशि अदा कर अपनी पत्नी होने के कारण श्रीमती प्रियंका प्रजापति के नाम से दिनांक 24.10.2017 को अर्धनिर्मित ही रजिस्टर्ड क्रय किया था एवं स्वयं ने ही लोन लेकर सम्पूर्ण निर्माण करवाया। उसी फ्लैट में अपने परिवार के साथ निवास कर रहा है। उसे यह फ्लैट बेचना भी नहीं है। कोई भी व्यक्ति उक्त आवास को क्रय बाबत मेरे पक्षकार की पत्नी प्रियंका प्रजापति से व्यवहार नहीं करे, अन्यथा समस्त जिम्मेदारी खरीददार की होगी। सूचित हो।

कोटा
दिनांक : 01.10.2024

भवदीया
श्रीमती कल्पना शर्मा एडवोकेट

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय सिविल न्यायाधीश उत्तर कोटा
वीर सावरकर विरुद्ध रानी माखीजा
बाबत दावा रकम वसूली
अन्तर्गत आदेश 7 नियम 1 व 2 सी.पी.सी.
वाद सं. दीवानी वाद संख्या 612/2023

बनाम श्रीमती रानी माखीजा पत्नी पुरुषोत्तम जाति सिन्धी स्थान रेफर आफ विजयदीप मेडिकल स्टोर सरस्वती कालोनी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने कोटा (राज.)

वीर सावरकर ने आपके विरुद्ध रकम वसूली के लिये संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 16 माह 10 सन् 2024 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 01 माह 10 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटा (उत्तर)

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कु.भू.रू./2024/2477 **विज्ञप्ति** दिनांकः-01.10.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सोगरिया योजना "दुर्गा नगर" खसरा नं. 144 में स्थित भूखंड संख्या 56 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री योगेन्द्र तिवारी पुत्र श्री रमेशचन्द्र तिवारी निवासी-जे-673 बजाज नगर रोड गांधी नगर नेहरु गार्डन के पास लाल कोठी जयपुर राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 778 दिनांक 27.11.2020 को श्री इकबाल हुसैन पुत्र श्री सज्जाद हुसैन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये अपंजीकृत मुख्तार आम श्री संजीव मित्तल पुत्र श्री सतीशचन्द्र मित्तल द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08.09.2024 से श्री योगेन्द्र तिवारी पुत्र श्री रमेशचन्द्र तिवारी को कर दिया गया है।

अतः श्री योगेन्द्र तिवारी पुत्र श्री रमेशचन्द्र तिवारी के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कु.भू.रू./2024/2478 **विज्ञप्ति** दिनांकः-01.10.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सोगरिया योजना "दुर्गा नगर" खसरा नं. 144 में स्थित भूखंड संख्या 57 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री समीर मित्तल पुत्र श्री सतीश मित्तल निवासी-21 माला रोड रेलवे हाउसिंग सोसायटी कोटा जं. कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 779 दिनांक 27.11.2020 को श्री इकबाल हुसैन पुत्र श्री सज्जाद हुसैन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये अपंजीकृत मुख्तार आम श्री संजीव मित्तल पुत्र श्री सतीशचन्द्र मित्तल द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08.09.2024 से श्री समीर मित्तल पुत्र श्री सतीश मित्तल को कर दिया गया है।

अतः श्री समीर मित्तल पुत्र श्री सतीश मित्तल के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2024/1724 दिनांकः-1.10.24

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 400 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 2523 दिनांक 20.02.2024 को श्री जितेन्द्र सिंह गौड़ पुत्र श्री दिलीप सिंह गौड़ के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री जितेन्द्र सिंह गौड़ पुत्र श्री दिलीप सिंह गौड़ द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री हेमन्त कुमार सॉंड पुत्र श्री कँवरलाल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.05.2024 को श्रीमती आशिता चित्तौड़ा पुत्री श्री रमेशचन्द्र चित्तौड़ा (पत्नी श्री आशीष कुमार चित्तौड़ा) को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती आशिता चित्तौड़ा पुत्री श्री रमेशचन्द्र चित्तौड़ा (पत्नी श्री आशीष कुमार चित्तौड़ा) द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 400 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती आशिता चित्तौड़ा पुत्री श्री रमेशचन्द्र चित्तौड़ा (पत्नी श्री आशीष कुमार चित्तौड़ा) के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3699 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 01.10.24

आवास संख्या 1-एच-33 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री देव करण पुत्र श्री मदनलाल को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री देव करण पुत्र श्री मदनलाल द्वारा दिनांक 19.03.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री देव करण पुत्र श्री मदनलाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 08.07.1991 को श्री कृष्ण चन्द्र झा पुत्र श्री जगदीश झा को किया गया। श्री कृष्ण चन्द्र झा पुत्र श्री जगदीश झा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 08.01.2004 को श्री गुलाब चन्द विजय पुत्र श्री मन्ना लाल विजय को किया गया। श्री गुलाब चन्द विजय पुत्र श्री मन्ना लाल विजय द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-एच-33 महावीर नगर तृतीय कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री गुलाब चन्द विजय पुत्र श्री मन्ना लाल विजय का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री गुलाब चन्द विजय पुत्र श्री मन्ना लाल विजय का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री गुलाब चन्द विजय पुत्र श्री मन्ना लाल विजय के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3547 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 23.9.24

आवास संख्या 3-च-34 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता को किया गया था। उक्त आवास का पंजीयन श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता द्वारा दिनांक 03.06.1995 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.09.1999 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री असीम श्रीवास्तव पुत्र श्री श्याम बिहारी लाल को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री असीम श्रीवास्तव पुत्र श्री श्याम बिहारी लाल मुख्तारआम श्री भगवान दास गुप्ता पुत्र श्री फूलचन्द गुप्ता द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.07.2023 को श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव को किया गया। श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव का नाम दिनांक 17.10.2023 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव पत्नी श्री समीर श्रीवास्तव द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 03.01.2024 को श्री आदित्य पुरोहित पुत्र श्री राजेन्द्र पुरोहित को किया गया। श्री आदित्य पुरोहित पुत्र श्री राजेन्द्र पुरोहित द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-च-34 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री आदित्य पुरोहित पुत्र श्री राजेन्द्र पुरोहित का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री आदित्य पुरोहित पुत्र श्री राजेन्द्र पुरोहित का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री आदित्य पुरोहित पुत्र श्री राजेन्द्र पुरोहित के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

न्यायालय प्राधिकृत अधिकारी, (उप सचिव) कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः एफ-15/कु.भू.रू./90-क/2024/2476 **संशोधित लोक सूचना** दिनांकः 01.10.2024

आवेदक खातेदार श्री मनोज कुमार पुत्र श्री शंकर लाल जाति जाटव निवासी मकान 1072 गली नम्बर 1 चोपड़ा फार्म डडवाड़ा कोटा द्वारा अधिकृत मुख्तारआम खास श्री जगतेज सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह जाति जट सिक्ख निवासी रामदास नगर कालातालाब रोड कोटा राज० द्वारा इस कार्यालय में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अन्तर्गत नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषि प्रयोजन (मुख्यमंत्री जन आवास) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसका भू-उपयोग मुख्यमंत्री जन आवास के तहत आवेदक को पट्टा क्रमांक 598 दिनांक 25.09.2019 से पट्टा एकम बिल्डमार्ट जर्ये जितेन्द्र सिंह राजावत पुत्र श्री श्याम सिंह राजावत एवं जगतेज सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह के नाम निष्पादित किया गया था। वर्तमान में पट्टाधारी द्वारा उक्त जारी पट्टे को जर्ये समर्पणनामा दिनांक 07.08.2024 को समर्पण कर नीचे उल्लेखित खसरा नम्बरान को आवासीय प्रयोजनार्थ उपयोग में लिये जाने हेतु पुनः आवेदन किया गया है। अर्थात्

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	रकबा (हैक्टयर में)	नाम पट्टाधारी
1.	2.	3.	4.	5.
लाडपुरा कोटा	चन्द्रेसल	2366/1076 2367/1077	0.3214 0.7209	श्री जितेन्द्र सिंह राजावत पुत्र श्री श्याम सिंह राजावत
कुल किता 2 रकबा 1.0423 है०				

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उल्लेखित खसरा नम्बरान का भू-उपयोग परिवर्तन आवासीय प्रयोजनार्थ किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनिय